हिन्दुस्तान | www.livehindustan.com
वाराणसी, गुरुवार, 20 जुलाई 2023

अमेरिका में उच्च शिक्षा के मौके जानें

- ईंडो अमेरिकन चैंबर की ओर से बीएचयू में आज होगा सेमिनार
- अमेरिकी दूतावास के अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे

वाराणसी, कार्यालय संवाददाता। यदि आप उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका जाना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है। गुरुवार को बीएचयू के अटल इनक्यूबेशन सेंटर में इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) की ओर से 'अमेरिका में उच्च शिक्षा के अवसर' विषय पर सेमिनार होने जा रहा है। उसमें अमेरिकी दूतावास के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

यह जानकारी बुधवार को आईएसीसी के वाराणसी चैप्टर के अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने प्रेसवार्ता में दी। बताया कि बनारस समेत भदोही, मिर्जापुर के स्कूलों के 200 विद्यार्थियों और कॉलेजों के 75 विद्यार्थियों ने सेमिनार के लिए पंजीकरण कराया है। संयोजक बीएन जॉन ने कहा कि अमेरिकी दूतावास में पब्लिक इंगेजमेंट स्पेशलिस्ट (शिक्षा) गौरी कालरा व सलाहकार रुपाली वर्मा रहेंगी। अमेरिका से प्रो. राकेश के पंगासा ऑनलाइन जुड़ेंगे। ईटीएस इंडिया टॉफिल, जीआरई तथा जीमैट के उत्तर व पूर्वी भारत के क्षेत्रीय प्रबंधक जोसेफ ऑगस्टिन शिक्षा के मौकों की जानकारी देंगे। सेमिनार में दिन में 11 से 1 बजे तक 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों और 3 से शाम 5 बजे तक कॉलेज विद्यार्थियों के लिए सत्र होगा। पंजीकरण को विद्यार्थी 9838890405, varanasi@ iaccindia. com पर संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष सुदेशना बसु आदि कई लोग मौजूद रहे।

सिगरा स्थित रेस्टोरेंट में सेमिनार की जानकारी देते आईएसीसी वाराणसी चैप्टर के अध्यक्ष राजेश तिवारी (बीच में), सुदेशना बसु (बाएं) और बीएन जॉन।

वाराणसी | बृहस्पतिवार • 20.07.2023
अमर उजाला 5

अमेरिका में उच्च शिक्षा के अवसर पर बीएचयू में संगोष्ठी आज

वाराणसी। बीएचयू के अटल कन्वेंशन सेंटर में इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कामर्स की ओर से बृहस्पतिवार को एक दिवसीय संगोष्ठी होगी। दो सत्रों में संगोष्ठी में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को अमेरिका में उच्च शिक्षा से जुड़ी जानकारियां दी जाएंगी।

बुधवार को रथयात्रा स्थित रेस्टोरेंट में इंडो-अमेरिकन वाराणसी के अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि अमेरिका में उच्च शिक्षा के अवसर विषयक संगोष्ठी में पब्लिक इंगेजमेंट स्पेशलिस्ट गौरी कालरा और यूएसआईईएफ (यूनाइटेड स्टेट्स-इंडिया एजूकेशनल फाउंडेशन) की सलाहकार रूपाली वर्मा छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करेंगी। अमेरिका से इंजीनियर व प्रोफेसर डॉ. राकेश के पंगासा भी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। संगोष्ठी दो सत्रों में होगी। पहला सत्र 11 बजे से होगा। ब्यूरो

Scanned with CamScanner